सौमोती बनाम दीपा

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील मे जारी हुए
05.05.2025	वकील उभयपक्ष उपस्थित। पत्रावली वास्ते आदेश बाबत कायमी रिसीवर प्रस्तुत हुयी। हमने बहस उभयपक्ष पर मनन किया एवं पत्रावली का अवलोकन किया। प्रकरण से सम्बन्धित मूल अपील संख्या 01/2022 (223) वउनवानी दीपा बनाम सौमोती न्यायालय हाजा के निर्णय दिनांक 05.05.2025 से मियाद एवं गुणावगुण पर खारिज हो चुकी है। अतः हस्तगत अपील प्रभावहीन हो चुकी है। वैसे भी पत्रावली में ऐसा कोई दस्तावेजी साक्ष्य उपलब्ध नहीं है जिससे यह साबित होता हो कि विवादित आराजी बाबत् पक्षकारों में कभी भौतिक रूप से झगडा/कहासुनी अथवा प्रथम सूचना रिर्पोट दर्ज हुई हो। जिससे यह स्पष्ट हो सके कि विवादग्रस्त आराजी इन मीडियो हो गयी है। हमारी राय में रिसीवर नियुक्ति की कार्यवाही एक कठोरतम उपाय है, जिसे साधारण परिस्थिति में किसी काबिज काश्तकार के विरूद्ध प्रयोग नहीं किया जा सकता है। लिहाजा हम अपील अपीलाण्ट खारिज योग्य पाते हैं। पत्रावली फैशल शुमार की जाकर नम्बर से कम की जावें, बाद जाब्ता दाखिल दफ्तर हो। निर्णय आज दिनांक 05.05.2025 को मेरे द्वारा लिखाया जाकर खुले न्यायालय में सुनाया गया। भू प्रबन्ध अधिकारी पदेन राजस्व अपील प्राधिकारी भरतपुर (राज.)	